# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक: 17.02.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए उन्हें नई तकनीक से जोड़ना ज़रूरी।**
- **केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में राज्यों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक ''मंथन'' का उद्‌घाटन किया।**
- **एसीबी ने जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में नौ अधिकारियों को गिरफ्तार किया।**
- **प्रदेश में कल कई हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना।**

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों को सशक्त और आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने के लिए नई तकनीक से जोड़ना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ केंद्र सरकार एक के बाद एक नई पहल कर रही है। श्री चौहान आज जयपुर में किसानों के डिजिटल साथी ''भारत विस्तार'' का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्मार्ट, सशक्त और सूचना सम्पन्न बनाना है। श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों का उत्पादन बढाने, लागत कम करने, किसानों को होने वाले नुकसान की भरपायी करने के साथ–साथ उन्हें इंटीग्रेटेड फार्मिंग की ओर प्रोत्साहित करने पर जोर दे रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि भारत–अमरीका व्यापार समझौते में किसानों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि जो विपक्ष आज किसानों की बात कर रहा है, उसके नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को मानने से इनकार कर दिया। उस रिपोर्ट को 2019 में मोदी सरकार ने लागू किया।

...............

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लिए किसानों को विकसित बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे तकनीक का इस्तेमाल कर जरूरत के अनुसार ही खाद–पानी का उपयोग करें, जिससे की लागत कम हो, उत्पादन बढे और धरती मां का स्वास्थ्य ठीक रहे।

...............

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, प्रदेश के कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर के किसान भी जुड़े। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान का भी दौरा किया। इस मौके पर उन्होंने वहां संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

000

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के गांधीनगर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक मंथन का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना और दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की। सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री शाह ने बताया कि नई सहकारी नीति और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से सहकारी क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाया जा रहा है। बैठक में सहकारी बैंकों के डिजिटलीकरण, राज्य कानूनों में सुधार और डेयरी नेटवर्क के विस्तार पर भी गहन चर्चा की गई।

000

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एआई पांचवीं औद्योगिक क्रांति है। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दूसरे दिन मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन जनसंख्या से जुड़ी बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है और युवाओं में एक नई ऊर्जा देखी जा सकती है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन के बाद अगले दो वर्ष में 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की आशा है। एक अन्य सत्र को संबोधित करते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एआई और शिक्षा, एक दूसरे के पूरक हैं। श्री प्रधान ने कहा कि वर्तमान में देश ज्ञान केंद्रित समाज बनने की दिशा में अग्रसर है।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी की विशेष जांच टीम ने जल जीवन मिशन में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामले में आज नौ अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की टीमों ने जयपुर, बाड़मेर, उदयपुर, करौली जिलों और दिल्ली सहित अन्य राज्यों में एक साथ छापेमारी कर यह कार्रवाई की। ब्यूरो के अनुसार, दो ट्यूबवेल कम्पनियों के संचालकों ने एक अन्य लिमिटेड कम्पनी के नाम से जाली प्रमाण पत्र तैयार किए थे। इन दस्तावेज के आधार पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से नौ सौ साठ करोड़ रुपये के टेंडर प्राप्त किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि विभाग के अधिकारियों ने पचास करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए निविदा की शर्तों में बदलाव किया था। वर्तमान में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और ब्यूरो इस मामले में साक्ष्य जुटा रहा है। एसीबी की कार्रवाई पर गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में हर पहलू की जांच कर रही है।

000

राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप–एसओजी ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा–2022 में डमी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने वाले पांच इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसओजी ने अंडमान, कोलकाता, जयपुर और कोटा सहित छह स्थानों पर एक साथ दबिश देकर यह कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में तीन एमबीबीएस छात्र और दो सरकारी शिक्षक शामिल हैं, जिन पर दस–दस हजार रुपये का इनाम घोषित था। अब तक इस मामले में 12 मूल अभ्यर्थियों और नौ डमी परीक्षार्थियों सहित कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

000

राज्य विधानसभा में भारी हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही आज कई बार स्थगित की गई। विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने सदन में गाय को राज्य माता का दर्जा दिये जाने से जुड़ा सवाल पूछा था। इसके बाद पक्ष और विपक्ष के बीच हुई नोंक–झोंक, शोर–शराबे में बदल गई। हालांकि गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। शाम को विधानसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई। ताजा समाचार मिलने तक प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने बजट पर अपने विचार रखे।

000

प्रदेश में सक्रिय हुए नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल राज्य के कई हिस्सों में बादल गरजने के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग सहित शेखावाटी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। विभाग ने इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की है। इससे अगले दो–तीन दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस बीच, राज्य में आज भी कई स्थानों पर मौसम का मिलाजुला असर रहा। राजधानी जयपुर में बादलों की लुका–छिपी चल रही है। पाली जिले के देसूरी, घाणेराव और बाली में आज बूंदाबांदी हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं, बारां जिले में भी आज सुबह से ही बादल छाए रहे और दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं।

000

स्वच्छ भारत मिशन शहरी के ब्रांड एंबेसडर के.के. गुप्ता ने आज भरतपुर में अधिकारियों की बैठक लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के गुर सिखाए। श्री गुप्ता ने राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र की समृद्धि के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। उन्होंने इसके लिए 365 दिन की समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में निवेश के लिए किए गए एमओयू और उन पर शुरू हुए कार्यों का भी उल्लेख किया।

...............

000

बालोतरा जिले में आज ''प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान'' के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में व्यापक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाना है। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने श्रमदान कर प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। विद्यालयों में ''प्लास्टिक बैंक'' की स्थापना भी की गई है, जिससे कचरे का सही वर्गीकरण और सुरक्षित निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

000